४—यद्यपि ये विधान बहुत महत्वपूर्ण हैं फिर भी हमें उनकी चकाचौंध के सामने अन्य दिशाओं में, जो उतनी ही महत्वपूर्ण हैं, प्रगति करने की आवश्यकता को भूलना नहीं चाहिये। यह बात भली-भांति याद रखना चाहिये कि देश के स्वतंत्रता-संग्राम के दिनों में हमारा उद्देश्य केवल राजनीतिक स्वतन्त्रता प्राप्त करना ही नहीं था, किन्तु उसके साथ ही जनता को शोषण और निर्धनता से मुक्त करना भी था। जो उद्देश्य हमें अपने सामने रखना है वह बिल्कुल स्पष्ट है। हमारा उद्देश्य जाति, धर्म, वर्ग और स्त्री-पुरुष के भेद के बिना जनता की सब प्रकार की सुसम्बद्ध उन्नति और विकास, व्यक्ति के लिये खाद्यान्न के समायोजन और उसकी अन्य मूलिक आवश्यकताओं की पूर्ति और प्रत्येक व्यक्ति के आत्मिक और बौद्धिक विकास के लिये सुयोग और अवसर प्रदान करने की व्यवस्था करना है। इस देश के भावी आर्थिक संघटन और सामाजिक व्यवस्था एवं उसकी प्रेरक शक्ति का आधार सहकारी समान तंत्र का आदर्श है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के लिये अपने व्यक्तित्व के विकास करने के लिये पूरा अवसर मिलता है और जो उस सामाजिक न्यायपरता का जिससे हमें आम जनता की भलाई करने के लिये प्रेरणा मिलती है, सुदृढ़ आश्वासन है। यह ऐसा उद्देश्य और प्रयोजन है जिसमें हमें केवल तात्विक अभिरुचि ही नहीं है। इसका अनुसरण करना अनिवार्य है और आगामी पांच वर्षों में जिस तत्परता से और जिस परिमाण में इसे कार्यान्वित किया जायगा उससे यह व्यक्त होगा कि सरकार और विधान मंडल ने किस मात्रा में उस आस्था और विश्वास को सफल बनाया है, जो निर्वाचकों ने उनमें निहित किया था।

५—उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिये योजना बनाने की आवश्यकता है, जो 'प्रथम पंच-वर्षीय योजना' के निर्माताओं के शब्दों में वास्तव में निश्चित सामाजिक प्रयोजनों के लिये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के निमित्त साधनों को संगठित करने और उपयोग में लाने का एक उपाय है। हम अपने उद्देश्यों और प्रयोजनों को जानते हैं और हमें

अपने साधनों का भी उचित ज्ञान है। हमारे पास अच्छी भूमि, बहुमूल्य जंगल और बड़े-बड़े जलाशय हैं, जिनसे हमें अपरिमित शक्ति और सम्भवतः मूल्यवान खनिज पदार्थ भी मिल सकते हैं, किन्तु हमें अपने भौतिक साधनों का पूर्ण रूप से उपयोग करने से पहले उनमें धन लगाना पड़ेगा। स्वतन्त्रता प्राप्त करने के फलस्वरूप ऐसे सैकड़ों कार्य हमारे सामने आ गये हैं, जिनसे राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। प्रशासन का भार भी स्वभावतः बढ़ गया है और बहुत सी विकास योजनाओं को पूरा करना है। स्थानीय निकायों ने जिन सुविधाओं की व्यवस्था की है, उनकी किस्म और क्षेत्र में भी विस्तार किया जाना चाहिये। यदि हम चाहते हैं कि यह सब पूरा हो जाय और इसमें कोई संदेह नहीं कि हम ऐसा ही चाहते हैं, तो इसके लिये अपेक्षित धन की शीघ्र ही व्यवस्था की जानी चाहिये। लोगों को अपने भोजन की मात्रा में कमी करने के लिये तैयार रहना होगा और समाज के प्रत्येक वर्ग का यह कर्तव्य होगा कि वह अपनी क्षमता के अनुसार पूरी-पूरी सहायता करे। वास्तव में यह सामाजिक कल्याण के प्रति धन का विनियोग है जिससे बहुत जल्दी ही न केवल सामान्य भौतिक सम्पन्नता में ही वरन् सन्तोष और शांति के रूप में भी सैकड़ों गुना लाभ होगा। यह भी याद रखने की बात है कि जो राष्ट्र अपनी गरीबी, बीमारी और अज्ञानता को दूर करने के लिये अपनी पूरी शक्ति से प्रयत्न करता है वह अपना नैतिक विकास चरम सीमा तक कर लेता है।

६—मैं अब संक्षेप में आपके सामने उन तात्कालिक उद्देश्यों को रक्खूंगा जिन्हें मेरी सरकार ने अगले पांच वर्षों में पूरा करने के लिए अपने सामने रक्खा है।

७—खाद्य समस्या की ओर हमें बहुत दिनों तक सबसे पहले ध्यान देते रहना पड़ेगा। अभाव की स्थितियों के कारण, जो अभी हाल में राज्य के पूर्वी जिलों में लगातार प्राकृतिक विपत्तियों, जैसे बाढ़, सूखा और ओलों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई हैं, यह समस्या और भी अधिक गम्भीर हो गई है। हमारी सरकार का सबसे पहला काम यह रहा है और अब भी है कि सबसे पहले पीड़ित व्यक्तियों की तुरंत सहायता की जाय। प्रभावित क्षेत्रों में परीक्षणात्मक कार्य (टेस्ट वर्क्स) खोले गये हैं जिनपर राज्य के साढ़े सत्रह लाख रुपये व्यय हो चुके हैं। इस बात का ध्यान रक्खा जा रहा है कि उक्त कार्य लोगों को इस समय काम दिलाने की व्यवस्था करने के साथ ही तत्सम्बन्धी स्थानों की स्थायी आवश्यकताओं को भी पूरा करे। उपयुक्त व्यक्तियों को मुक्त-हस्त से बिना मूल्य सहायता एवं तकावी दी गई है। लगान और मालगुजारी में उदारता से छूटें देने की स्वीकृति दी गई है और मिताहार योजना (आस्टेरिटी प्राविजनिंग स्कीम) के अधीन पीड़ित जन-समुदाय के लिए सस्ते खाद्यान्न भी उपलब्ध करा दिये गये हैं।

८—हमारी सरकार इस समस्या के प्रति पूर्णरूप से सजग है और इस कठिन परिस्थिति की तात्कालिक कठिनाइयों को दूर करने के लिये वह कोई बात उठा नहीं रखेगी। किन्तु यह केवल तात्कालिक उपचार ही है। इस राज्य के खाद्यान्न के कुल उत्पादन में प्रभावकारी सुधार करने के प्रयोजन से सिंचाई और कृषि-विस्तार के नये साधनों की व्यवस्था करने के लिए दीर्घकालीन योजनाओं या उपायों की आवश्यकता को सरकार स्वीकार करती है। बड़े परिमाण में भूमि के उद्धार के लिये और काश्तकारों को नई भूमि तोड़ने के काम में सहायता देने के लिए बहुत बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों का उपयोग किया गया है। गत दो वर्षों में जो कार्रवाइयां की गई हैं उनके परिणामस्वरूप ऊसर और बन की भूमि के ११ लाख एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र पर भी खेती होने लगी है और सिंचाई के क्षेत्र में भी १३ लाख एकड़ की वृद्धि हो गई है। फिर भी हमारे पास पर्याप्त जल-शक्ति है, जो व्यर्थ जाती है और जिसका उपयोग लाभदायक कार्यों के लिए किया जा सकता है। हमारी सरकार सिंचाई के सभी छोटे और बड़े साधनों को काम में लाने के लिए कृत संकल्प है। बस्ती जिले की बानगंगा योजना, जिससे २२,००० एकड़ से अधिक भूमि सींची जा सकेगी इस वर्ष के अन्त तक चालू हो जायगी। अन्य

पूर्वी जिलों में भी इसी प्रकार की दूसरी योजनाओं के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है। राज्य की पक्के कुओं की योजना के अनुसार २६,७६० नए पक्के कुएं बनाए जा चुके हैं और १०,५०० और पक्के कुएं मुख्यतः पूर्वी जिलों में बनाए जा रहे हैं, जहां सब से अधिक अकाल पड़ा करता है। ऐसी आशा है कि इन पांच वर्षों के अन्त तक ५,००० नलकूप बनाए जा सकेंगे जिनमें से अधिकांश पूर्वी जिलों में बनाए जायंगे। बुंदेलखंड में बहुत से बांध तथा जलाशय प्रायः बनाए जा चुके हैं और कार्यक्रम के इस भाग की प्रगति की दृष्टि से नए बांधों और जलाशयों में भी हाथ लगाया जा रहा है। इस प्रकार इतना ठोस काम तो पहले ही हो चुका है और जो योजनायें चल रही हैं उनमें भी निकट भविष्य में और अधिक उन्नति की आशा की जाती है।

९--स्थिति से कुछ इस बात की आवश्यकता प्रतीत होती है कि कृषि तथा कृषि-शिक्षा के संबंध में एक नई नीति का अनुसरण किया जाय। पशु-प्रजनन, डेरी फार्मिंग तथा कृषि एवं पशु-पालन के अन्तर्गत आने वाले अन्य समस्त विषयों के सम्बन्ध में वैज्ञानिक ढंगों की जानकारी का प्रचार करने के प्रयत्नों में ढील नहीं डाली जा सकती। परन्तु इस वैज्ञानिक जानकारी का हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन की वास्तविकता के साथ सामञ्जस्य स्थापित करना होगा। हमें यह याद रखना होगा कि हमारे अधिकतर खाते छोटे-छोटे हैं और इस बात की आवश्यकता है कि हम जो कृषि-शिक्षा दें, वह ऐसी हो कि जिससे छोटे-छोटे किसानों को सहायता मिल सके। अब तक दी गई शिक्षा की अपेक्षा इसे और अधिक व्यावहारिक होना चाहिये। जमींदारी प्रथा के विनाश के बाद अब यह संभव हो जाना चाहिये कि हम कम पैसा लगा कर अच्छी खेती करने के उपाय ढूंढ़ निकालें। विभिन्न कारणों से खातों की चकबन्दी के काम में अधिक प्रगति नहीं हुई। हम आशा करते हैं कि इसके बाद इस सम्बन्ध में और अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकेंगे। इसके साथ-साथ हमारी परिस्थिति के अनुकूल सहकारिता के आधार पर फार्मिंग के ढंगों का विकास करने और सहकारी फार्मों में सम्मिलित होकर अपने साधनों को एकत्रित करने के लिये किसानों को प्रेरित करने के प्रयोजन से अब और अधिक प्रयत्न किये जायंगे। हमारी सरकार का यह भी विचार है कि कृषि के लिये जितना रुपया नियत किया गया है उसमें से यथासम्भव अधिक से अधिक रुपया सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ाने के लिये लगाया जाय। यदि उन मौसमों में, जिनमें पानी की सब से अधिक आवश्यकता होती है, पानी बराबर मिलता रहे तो भारतीय किसान अपने पुराने ढंगों के द्वारा भी अपनी पैदावार बहुत बढ़ा सकता है और खाद्य समस्या को हल करने में सहायता मिल सकती है।

१०--यद्यपि अल्पकालीन आत्मनिर्भरता योजना के अन्तर्गत राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काफी प्रगति हुई है, फिर भी इस समस्या को हल करने के लिये इस बात की आवश्यकता है कि गल्ला वसूली और खाद्यान्नों के नियंत्रित वितरण के संबंध में कार्यवाहियां जारी रक्खी जायं। भारत सरकार द्वारा सहायता बन्द कर देने पर भी हमारी सरकार ने अब तक खाद्यान्नों के मूल्य बढ़ाना मंजूर नहीं किया है और यद्यपि देश के अन्य भागों में मूल्य काफी बढ़ा दिये गये हैं और वे हमारे यहां के मूल्यों से आमतौर पर काफी बढ़े-चढ़े हैं, हमारी सरकार ने इस दिशा में कोई कार्यवाई न करने का भरसक प्रयत्न किया है। वर्तमान मूल्यों को ज्यों का त्यों बनाये रखने में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष के आरम्भ के महीनों में सरकार को लगभग एक करोड़ रुपये का घाटा हो चुका है और वर्ष के अन्त तक यह घाटा बढ़ कर नौ करोड़ रुपये हो जायगा। अपने सीमित साधनों का ध्यान रखते हुये यह बोझ हमारे लिये बहुत भारी होगा और मुझे बड़ा संदेह है कि सरकार की मूल्यों को न बढ़ाने की उत्कट इच्छा होते हुये भी हमारा राजस्व इस भार को उठा सकेगा।

११--वर्षा की कमी और पानी का तल नीचा हो जाने के कारण न केवल वर्तमान जंगलों को सुरक्षित रखने की ही आवश्यकता है बल्कि नये जंगल लगाने की भी आवश्यकता है।

इस नीति का तत्परता से अनुसरण किया जा रहा है। इस राज्य में राजपूताना के मरुस्थल के प्रवेश के आतंक को रोकने के लिये हमारी पश्चिमी सीमा के लम्बे भू-खंड पर भी जंगल लगाये जा रहे हैं।

१२—राज्य की 'पंचवर्षीय योजना' के प्रथम वर्ष में अच्छी प्रगति हुई है। भू-सिंचन तथा विद्युत् जैसी बड़ी-बड़ी योजनाओं, जो पंच-वर्षीय योजना के बड़े महत्वपूर्ण अंग हैं, के कारण लगभग चार करोड़ रुपया व्यय हो चुका है। सड़क योजनाओं के संबंध में आशातीत प्रगति हुई है और हमारी सरकार का विचार है कि वह उन कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र समाप्त कर दे, जो धन के अभाव के कारण अधूरे रह गये थे। राज्य में उन पांच पाइलट योजनाओं की प्रगति, जो राज्य में पहिले से ही चल रही हैं, ग्राम-सुधार के कार्य में बराबर अच्छी रही हैं और अब राज्य सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से राज्य के विभिन्न भागों में छः और सर्वोन्नति योजनाओं के संबंध में अपने कार्यक्रम को अन्तिम रूप दे दिया है। सर्वोन्नति योजनाओं के लिये प्रशिक्षित कर्मचारी वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा राज्य विस्तार सेवाओं के पुनस्संगठन के निमित्त एक केन्द्र स्थापित करने के लिये एक ट्रेनिंग एवं विकास योजना के अनुसार काम होने लगा है और ऐसे ही दो और केन्द्र शीघ्र ही काम करने लगेंगे।

गांवों की दशाओं में हर प्रकार का सुधार करने के लिये इन सर्वोन्नति योजनाओं का लक्ष्य, जिनमें अन्न उत्पादन पर विशेष जोर दिया गया है, इटावा योजना के अनुसार कार्य करना है।

१३—प्रकृष्ट गन्ना विकास योजना को कार्यान्वित करने के फलस्वरूप खेती करने के स्तर और फसल की उपज में सामान्य रूप से सुधार हुआ बतलाया जाता है। जहां तक गन्ने के क्रय-विक्रय का सवाल है इस मौसम में गुड़ तथा खांडसारी की कीमतों में भारी कमी हो जाने से असाधारण स्थिति पैदा हो गई है। इसका परिणाम यह हुआ कि गन्ना सहसा और बहुत बड़ी मात्रा में वैकुअमपैन शुगर फैक्ट्रियों में जाने लगा। सरकार भरसक प्रयत्न कर रही है कि खेतों में जो गन्ना है उसे फैक्ट्रियों में पेरने के लिये ले लिया जाय। इस वर्ष असाधारण परिस्थितियों के कारण, जो विभिन्न कठिनाइयां पैदा हो गई थीं उनका सामना करना पड़ा और उन्हें दूर करने के लिये विशेष व्यवस्था करनी पड़ी। इस मौसम में जितना गन्ना पेरा जा चुका है वह पिछले वर्ष पेरे गये गन्ने से ६ करोड़ मन अधिक है। कई मिलें अभी तक काम कर रही हैं और आशा की जाती है कि ये फैक्ट्रियां बाकी बचे गन्ने को भी उपयोग में ला सकेंगी।

१४—पिछले कुछ महीनों में श्रम-स्थिति सामान्य रूप से शान्ति-पूर्ण रही। हमारी सरकार खेतों और कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के लिये और अधिक सुविधायें प्रदान करने के लिये उत्सुक है। गन्ने के कारखानों में काम करने वाले मजदूरों के लिये गृह-निर्माण योजना के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रगति हो रही है और यह आशा की जाती है कि गन्ना पेरने के अगले मौसम के प्रारम्भ होने से पहिले ही कम से कम ५०० मकान तैयार हो जायेंगे। इस संबंध में और भी अच्छे परिणाम निकलते यदि आवश्यक भवन निर्माण सामग्री, जिसे राज्य के बाहर से प्राप्त करना पड़ता है, मिल गई होती। दरिद्र बस्तियों (स्लम्स) की सफाई करने और अन्य मजदूरों के लिये बड़े पैमाने पर मकानों की व्यवस्था करने की योजना पर सरकार गम्भीरता से विचार कर रही है। इस योजना को सबसे पहिले कानपुर में प्रारम्भ करने का विचार है। जैसा कि आपको मालूम है, जमींदारी विनाश अधिनियम के बन जाने से भूमि प्राप्त करने के संबंध में भूमिहीन किसानों को प्राथमिकता दी गई है और इस सरकार ने, आचार्य विनोबा भावे के भूमिदान-यज्ञ में, जिसका लक्ष्य उन लोगों को भूमि देना है जिनके पास कुछ भी भूमि नहीं है, पूर्ण सहयोग दिया है।

कारखानों में काम करने वालों के लिये मकानों की व्यवस्था करने की समस्या के साथ ही सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य मध्यम-श्रेणी के व्यक्तियों के लिए मकान की समस्या का गहरा सम्बन्ध है। सस्ते किन्तु सुखद रहने के क्वार्टर बनवाने की

योजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं और सरकार की यह हार्दिक इच्छा है कि बहुत से ऐसे मकान जिनका किराया साधारण श्रेणी के नागरिक दे सकें अगले पांच वर्षों में बन कर तैयार हो जायें।

१५—नियोजित तथा उद्देश्य-मूलक शिक्षा वह आधारशिला है जिस पर अन्ततः हमारा सम्पूर्ण सामाजिक तथा आर्थिक ढांचा अनिवार्यतः स्थित होना चाहिये। यह राज्य शिक्षा-क्षेत्र में अभी तक उल्लेखनीय उन्नति कर चुका है और हमारी सरकार केवल इसी बात के लिये ही अभिरुचि नहीं रखती कि यह उन्नति बनी रहे, बल्कि अब तक प्राप्त स्थिति को सुदृढ़ बनाने और उससे भी आगे बढ़ने के लिए और अधिक कार्रवाइयां करना चाहती है। जैसा कि आप लोग जानते ही हैं कि राज्य में माध्यमिक शिक्षा की वर्तमान प्रणाली के विषय में रिपोर्ट तैयार करने हेतु आचार्य नरेन्द्रदेव के सभापतित्व में एक समिति नियुक्त की गई है और मुझे आशा है कि उसकी सिफारिशें हमारे लिये अपनी शिक्षा-प्रणाली को सम्यक् रूप से सुधारने में बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगी। यद्यपि यह आवश्यक है कि सभी बुद्धि वाले व्यक्तियों को शिक्षा संस्थाओं से अधिकाधिक लाभ उठाने का अवसर दिया जाय, किन्तु इस संबंध में बहुत सी महत्वपूर्ण बातें विचारणीय हैं। ऐसी शिक्षा प्रणाली जिससे निराश और ऐसे बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या बढ़े जिन्हें उनके प्रशिक्षण के अनुसार काम न मिल सके, निष्फल है। हमारी सरकार इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर गम्भीरता से विचार कर रही है और तदनुसार हमारी शिक्षा-नीति में सुधार किया जायगा। फिर भी यह याद रखना चाहिये कि शिक्षा के विषयों की संख्या में कुछ और टेक्निकल विषयों को बढ़ा देना ही पर्याप्त नहीं है। इसके द्वारा केवल परीक्षा में पास होने के लिये अतिरिक्त साधन मिल जाते हैं और विद्यार्थी जीवन में प्राप्त टेक्निकल ज्ञान आगे चलकर काम में नहीं लाया जाता। इसी प्रकार हमारे टेक्निकल स्कूलों में दिया जाने वाला प्रशिक्षण व्यर्थ हो जाता है। हमारी सरकार का यह लक्ष्य है कि सामान्य तथा टेक्निकल शिक्षण को सन्निकट लाया जाय और उनका सामाजिक तथा आर्थिक जीवन की वास्तविकताओं के साथ अधिक गहरा सम्बन्ध स्थापित किया जाय।

जैसा कि आप जानते ही हैं, १९५१ ई० तक राज्य में प्रारम्भिक शिक्षा को व्यापक बनाने की योजना को वित्तीय कारणों के आधार पर ढीला कर देना पड़ा है। मुझे आशा है कि यह योजना आगामी पांच वर्षों में पूर्ण हो जायगी। हमारी सरकार का विचार है कि शीघ्र ही आप लोगों के सामने यूनिवर्सिटियों के वर्तमान ऐक्टों को, जो अब पुराने हो चले हैं, संशोधन के लिये प्रस्तुत किया जाय।

१६—शिक्षा के साथ ही साथ दूसरी महत्वपूर्ण योजनायें भी हैं जिनके अन्तर्गत सभी प्रकार की जनता को चिकित्सा सहायता पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। जन-संख्या की वृद्धि और उसके परिणामस्वरूप भूमि पर भार बढ़ने के कारण बेरोजगार व्यक्तियों के लिये छोटे-छोटे धन्धों को उपलब्ध कराने का महत्व वास्तविक रूप से बढ़ गया। हमारी सरकार का विश्वास है कि हमारे इस कृषि प्रधान देश में संतुलित अर्थ-व्यवस्था की दृष्टि से घरेलू उद्योग-धन्धों के पुनरुद्धार और विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिये, क्योंकि बड़े-बड़े उद्योगों को कायम करना साधारण बात नहीं है। अतएव सरकार घरेलू उद्योग-धन्धों की वृद्धि तथा प्रसार के लिये सब कुछ करेगी। उत्पादित माल को अच्छा बनाने और उसके क्रय-विक्रय के लिये सुविधायें प्रदान करने के निमित्त भरसक प्रयास किया जायगा।

१७—स्थानीय प्रशासन के क्षेत्र में हमारी सरकार डिस्ट्रिक्ट बोर्डों तथा ग्राम-पंचायतों के बीच अधिक युक्तिपूर्ण संबंध स्थापित करने का प्रयत्न कर रही है। इन दोनों संस्थाओं का हमारी ग्रामीण जनता के कल्याण से बहुत घनिष्ट संबंध है। ज्योंही विचाराधीन योजना के ब्योरे अंतिम रूप से निश्चित हो जायेंगे, सरकार राज्य के प्रमुख नगरों में भी म्युनिसिपल कारपोरेशन स्थापित करने का विचार करेगी। निर्वाचनों से संबंधित वर्तमान उपबन्धों

को संविधान और आजकल की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने की कार्रवाइयों के, जो प्रारम्भ कर दी गई हैं, समाप्त हो जाने के बाद तुरन्त ही स्थानीय निकायों के निर्वाचन किये जायेंगे। यथोचित समय में आपसे उपर्युक्त प्रयोजनों के निमित्त आवश्यक विधेयक पारित करने के लिये कहा जायगा।

१८—राज्य में न्याय प्रशासन की प्रणाली को, हमारी आवश्यकताओं, प्रतिभा एवं परम्पराओं के अधिक अनुकूल बनाने के लिये हमारी सरकार न्याय संबंधी बहुत से सुधार पहले ही कर चुकी है। सरकार को न्याय संबंधी सुधार समिति (जुडीशियल रिफार्म्स कमेटी) की तथा कुमायूं और जौनसार भाबर में नियमित दीवानी न्यायालयों के स्थापित करने के प्रश्न पर विचार करने के लिये नियुक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इन रिपोर्टों पर विचार किया जा रहा है और आशा की जाती है कि उनकी सिफारिशों पर शीघ्र ही कार्यवाही की जायगी।

१९—आर्थिक अथवा सामाजिक उत्थान की किसी योजना को सफल बनाने के लिये, यह आवश्यक है कि उसे उन लोगों का, जिनके लिये वह योजना बनाई गई है, सानुराग सहयोग प्राप्त हो। जब तक कि लोग स्वयं अपनी सहायता नहीं करेंगे केवल सरकारी प्रयत्नों से ही उनको अधिक लाभ नहीं हो सकता, विशेषकर हमारे जैसे देश में, जो बहुत समय तक विदेशी आधिपत्य में रहा है और अब भी उसके परिणामों को भोग रहा है। पंचवर्षीय योजना में वर्णित विभिन्न राष्ट्र-निर्माण योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये हमारी सरकार जो कुछ भी किया जा सकता है, करती रहेगी। लेकिन स्पष्ट है कि उसके साधन सीमित हैं और जितने शीघ्र हम चाहते हैं उतनी शीघ्रता से पर्याप्त मात्रा में वांछित परिणाम नहीं निकल सकते। हमारे पास अपरिमित जनबल है जो आज बेकार पड़ा हुआ है। हमारी जनता को यह अनुभव करना है कि उन्हें एक नवीन भारत का, जो उसकी प्राचीन महत्ता तथा अन्तरराष्ट्रीय शील (कमेटी आफ नेशन्स) में उसके स्थान के अनुरूप हो, निर्माण करना है। सबके कल्याण तथा सबकी समृद्धि में प्रत्येक का कल्याण और समृद्धि निहित है। कोई भी व्यक्ति इतना असमर्थ नहीं है कि इस उदार कार्य में कुछ हाथ बटा न सके। यदि लोग इस सिद्धांत पर कि स्वावलम्बन सहायता का सबसे अच्छा रूप है, स्वेच्छा से ही काम करें तो अल्पकाल में ही देहातों में नये जीवन और नये ओज के संचार करने में बड़ी प्रगति हो सकती है। साथ ही हमारी सरकार सब स्तरों पर कार्यवाही करने की मौलिक आवश्यकता को समझती है, क्योंकि ठोस कार्य ही, चाहे वह थोड़े पैमाने पर ही क्यों न किया गया हो, लोगों के उत्साह को जागृत कर सकता है और उनकी दिलचस्पी को बनाये रख सकता है।

२०—किसी भी जनतन्त्रात्मक राज्य में विशुद्ध तथा कार्यक्षम प्रशासन उसकी प्रगति के लिये आवश्यक है। ऐसे देश के लिये, जो विदेशी दासता से अभी मुक्त हुआ है, और दीर्घकालीन उपेक्षा तथा शोषण के प्रभाव को मिटाने का प्रयत्न कर रहा हो, यह बात और भी आवश्यक है। हमारी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों से संबंधित अनुशासन संबंधी मामलों का निर्णय करने के लिये एक निश्चित, स्पष्ट और आशुकारी प्रक्रिया की व्यवस्था करने के प्रश्न पर विचार करने के लिए एक समिति नियुक्त की है जिससे कि राज्य की सेवाओं में सदाचारी, ईमानदार और कार्यक्षम व्यक्ति उपलब्ध हो सकें। वर्तमान प्रशासन के कार्यों का भी हमारी सरकार इस उद्देश्य से पुनरावलोकन कर रही है कि उसको इस प्रकार बदल दिया जाय कि वह सुधार एवं राष्ट्र-निर्माण की विभिन्न योजनाओं को जिनका ध्येय लोगों के सांस्कृतिक, नैतिक एवं रहन-सहन के स्तर को उन्नत करना हो, शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वित कर सके। यह भलीभांति समझते हुये कि प्रगति अन्ततः राज्य की वित्तीय स्थिति के सुधार पर ही निर्भर है, सरकार ने निश्चय किया है कि जहां कहीं भी संभव हो मितव्ययिता की जाय और लाभप्रद तथा समुचित ढंग से उपलब्ध साधनों को काम में लाया जाय।

२१—चूंकि नव संघटित विधान मंडल का सत्र मार्च, १९५२ ई० के समाप्त होने से पूर्व नहीं हो सका था इसलिये हमारी सरकार के लिये पुराने विधान मंडल के समक्ष

ही अस्थायी बजट प्रस्तुत करना तथा प्रचलित वित्तीय वर्ष के एक भाग के लिये लेखानुदान प्राप्त करना आवश्यक हो गया। अतएव आपसे यथासमय १९५२-५३ ई० के सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिये सामान्य वार्षिक बजट स्वीकृत करने के लिये कहा जायगा। बजट स्वीकृत होने के पश्चात् बजट से सम्बद्ध विनियोग विधेयक भी प्रस्तुत किया जायगा।

२२—उस अवधि में जबकि विधान मंडल का सत्र (सेशन) नहीं हो रहा था, मैंने उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५२ ई० प्रचारित किया था। आपसे इस विषय पर एक विधेयक पारित करने के लिये कहा जायगा।

२३—राज्य के कुछ भागों में यू० पी० लैन्ड रेवेन्यू ऐक्ट, १९०१ की धारा ८७ के अधीन लगान के परिवर्तन (कम्यूटेशन) के लिये जमींदारों को सूचना (नोटिस) दिये बिना ही आज्ञायें जारी कर दी गई हैं। इस उद्देश्य से कि अधिक संख्या में व्यवहार (प्रोसीडिंग्स) न किये जायं और फरीकों के लिये अनावश्यक कठिनाइयां पैदा न हों, उपर्युक्त स्थिति को नियमानुकूल करने का विचार है। अतएव आपसे उत्तर प्रदेश लगान का नकदी में परिवर्तन (व्यवहारों का नियमन) विधेयक, १९५२ ई० पारित करने के लिये कहा जायगा।

अब १ जुलाई, १९५२ ई० से जमींदारियां राज्य में निहित की जा रही हैं। इस अराजकता के काल में जनता के हितों की रक्षा करने के लिये आप से उत्तर प्रदेश भौमिक अधिकार (हस्तान्तरण विनियमन) विधेयक, १९५२ ई० पारित करने के लिये भी कहा जायगा।

२४—हाई कोर्ट के हाल ही के कतिपय निर्णयों के फलस्वरूप यू० पी० पंचायत राज ऐक्ट, १९४७ ई० के अन्तर्गत संघटित पंचायती अदालतों के संघटन (कान्स्टीट्यूशन) में कुछ त्रुटियां दृष्टिगोचर हुई हैं। अतएव आपसे उत्तर प्रदेश पंचायत राज (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५२ ई० पारित करने के लिये कहा जायगा।

२५—हमारी सरकार आपसे उत्तर प्रदेश शुगर फैक्ट्रीज़ कंट्रोल (संशोधक) विधेयक, १९५२ ई० को, जिसका उद्देश्य यू० पी० शुगर फैक्ट्रीज़ ऐक्ट, १९३८ का कार्यकाल, जो ३० जून, १९५२ ई० को समाप्त होता है, दो वर्ष के लिये और बढ़ाना है, पारित करने के लिये कहेगी।

२६—प्रकीर्ण विषयों से संबद्ध कुछ और विधेयक भी आपके समक्ष प्रस्तुत किये जायंगे।

२७—मुझे पूर्ण विश्वास है कि उन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर, जो आपके सामने रक्खे जायंगे, विचार करते समय आप बुद्धिमत्ता, गम्भीरता, निष्पक्षता तथा दूरदर्शिता से काम लेंगे। अब मैं आपसे बिदा होता हूं। ईश्वर आपको सब प्रकार की शक्ति प्रदान करे।

जय हिन्द !

(११ बज कर ४० मिनट पर महामान्य राज्यपाल ने प्रस्थान किया और तत्पश्चात् विधान मण्डल के सदस्य भी चले गये। विधान सभा की बैठक सभा-मंडप में १२ बजे माननीय अध्यक्ष, श्री आत्मा राम गोविन्द खेर, की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई।)

सदस्यों का शपथ ग्रहण करना

निम्नलिखित सदस्यों ने शपथ ग्रहण की—

१—श्री जगपति सिंह (माननीय अध्यक्ष के कमरे में)।

२—श्री परमेश्वरी राम (माननीय अध्यक्ष के कमरे में)।

३—श्री मान्धाता सिंह (विधान सभा में)।

अलीगढ़ जिले में पुलिस के अत्याचारों पर विचारार्थ कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना

माननीय अध्यक्ष—अभी अभी मेरे पास एक कामरोको प्रस्ताव आया है। इसमें अलीगढ़ जिले में जो पुलिस के अत्याचार हो रहे हैं उनका जिक्र किया गया है। इसका

उद्देश्य उनके विवरण पर विचार करने के लिये कार्यक्रम के अनुसार कार्य स्थगित करना है। यह काम रोको प्रस्ताव ऐसा है जो कोई बात ऐसी स्पष्ट नहीं बताता कि जिससे यह मालूम हो कि यह बहुत अर्जेन्ट है। इसमें स्पष्टीकरण नहीं किया गया है कि किस प्रकार के अत्याचार या कौन से अत्याचार हो रहे हैं बल्कि पुलिस के अत्याचार के बारे में एक आम बात कही गई है। इसलिए और इसके कारण भी कि इस प्रश्न के ऊपर जो गवर्नर साहब, यानी महामान्य राज्यपाल का अभी भाषण हुआ है, उसमें विचार किया जा सकता है, मैं इसको स्वीकार नहीं कर सकता।

१९५२ ई० के उत्तर प्रदेश विनियोग (द्वितीय पूरक) विधेयक [एप्रोप्रिएशन बिल] पर महामान्य राज्यपाल की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि १९५२ ई० के उत्तर प्रदेश विनियोग (द्वितीय पूरक) विधेयक (एप्रोप्रिएशन बिल) पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १७ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी १९ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, महामान्य राज्यपाल की अनुमति २४ मार्च, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का द्वितीय अधिनियम बन गया।

१९५२ ई० के उत्तर प्रदेश विनियोग (लेखानुदान) विधेयक [एप्रोप्रिएशन (वोट आन अकाउंट) बिल] पर महामान्य राज्यपाल की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि १९५२ ई० के उत्तर प्रदेश विनियोग (लेखानुदान) विधेयक [एप्रोप्रिएशन (वोट आन एकाउंट) बिल] पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १८ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी २० मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, महामान्य राज्यपाल की अनुमति २४ मार्च, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का तृतीय अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण विधेयक, १९५२ ई० पर महामान्य राज्यपाल की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता निवारण विधेयक, १९५२ ई० पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १४ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी १८ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, महामान्य राज्यपाल की अनुमति २ अप्रैल, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का चतुर्थ अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विधान मंडल की समकालीन सदस्यता के निषेधक (अनुपूरक) विधेयक, सन् १९५२ ई० पर महामान्य राज्यपाल की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विधान मंडल की समकालीन सदस्यता के निषेधक (अनुपूरक) विधेयक, सन् १९५२ ई० पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १४ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी १८ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, महामान्य राज्यपाल की अनुमति ३ अप्रैल, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का पंचम अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश पंचायत-राज (संशोधन) विधेयक, १९५२ ई० पर राष्ट्रपति की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, १९५२ ई० पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १४ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी १८ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, राष्ट्रपति की अनुमति १२ अप्रैल, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का षष्ठ अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश औषधि (नियंत्रण) (अधिकार जारी रखने के) विधेयक, १९५२ ई० पर राष्ट्रपति की अनुमति की घोषणा

माननीय अध्यक्ष—मैं घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश औषधि (नियंत्रण) (अधिकार जारी रखने के) विधेयक, १९५२ ई० पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी १४ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी १८ मार्च, सन् १९५२ ई० की बैठक में पारित किया था, राष्ट्रपति की अनुमति १२ अप्रैल, सन् १९५२ ई० को प्राप्त हो गयी और वह सन् १९५२ ई० का उत्तर प्रदेश का सप्तम अधिनियम बन गया।

महामान्य राज्यपाल के अभिभाषण का माननीय अध्यक्ष द्वारा पढ़ा जाना

माननीय अध्यक्ष—नियमानुसार मुझे महामान्य राज्यपाल का ऐड्रेस पढ़ना आवश्यक है। यहां की प्रथानुसार मैं उसका, हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में, प्रथम भाग और अंतिम भाग संकेत की तरह पढ़ देता हूं और मैं समझता हूं कि यह यहां की प्रथा के अनुकूल है, इसलिए इस सदन को मान्य होगा।

"Members of the Legislative Council and Lagislative Assembly,

I am very happy to have this opportunity of welcoming you all as Members of the first Legislature under our Constitution."

इसका अन्तिम भाग यह है कि—

"I have the fullest confidence that wisdom, sobriety, impartiality and farsighedness will characterise your deliberations over the weighty matters that will come up before you. Let me wish you good-bye. May God grant all strength to your elbow.

Jai Hind!

हिन्दी अनुवाद इस प्रकार है :—

"विधान परिषद् और विधान सभा के सदस्यगण !

हमारे संविधान के अधीन संघटित पहले विधान मंडल के सदस्यों के रूप में आप सबका स्वागत करने का आज जो यह अवसर मिला है उससे मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई है।"

अन्तिम भाग इस प्रकार है, :—

"मुझे पूर्ण विश्वास है कि उन सब महत्वपूर्ण विषयों पर, जो आपके सामने रखे जायंगे, विचार करते समय आप बुद्धिमत्ता, गंभीरता, निष्पक्षता तथा दूरदर्शिता से काम लेंगे। अब मैं आपसे विदा होता हूं। ईश्वर आपको सब प्रकार की शक्ति प्रदान करे।

"जयहिन्द"

माननीय श्री लालबहादुर का विधान सभा से त्याग-पत्र

माननीय अध्यक्ष—एक और भी विषय है। श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने इस सदन की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। मैं उसको सुना देना चाहता हूं।

"Dear Sir,

I have to tender herewith my resignation from the U. P. Legislative Assembly to which I was recently elected from Soraon (North)-*cum*- Phoolpur (West) Constituency. Kindly accept the same."

["प्रिय महोदय,

मुझे उत्तर प्रदेश विधान सभा से, जिसके लिये कि मैं कुछ ही समय पूर्व सोरों (उत्तर) फूलपुर (पश्चिम) निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुआ था, यह त्यागपत्र देना है। कृपया इसे स्वीकार करें।"]

उपाध्यक्ष के निर्वाचन का कार्य-क्रम

माननीय अध्यक्ष--अब उपाध्यक्ष के चुनाव के सम्बन्ध में मैंने जो फ़ैसला किया है वह मैं सदन के सदस्यों को बताना चाहता हूं। २७ मई, मंगलवार, के दिन उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। उसके लिये कब से कब तक चुनाव का समय रहेगा, यह मैं बाद में निर्णय करूंगा जब कि मुझे यह मालूम हो जायगा कि कौन-कौन उम्मीदवार और कितने उम्मीदवार उसमें खड़े हुए।

नामांकन के कायदे के हिसाब से जब चुनाव २७ को होगा तो २६ तारीख के बारह बजे तक उसका समय है अर्थात् एक रोज़ पहले १२ बजे तक समय रहता है। वह कायदे में ही लिखा हुआ है। उसके अनुसार मैं यह सूचित करना चाहता हूं कि २६ मई को बारह बजे तक नामांकन का समय है। उस समय तक सब नामांकन हो जाने चाहिये।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५२ ई०

माननीय श्री सैयद अली ज़हीर (न्याय मंत्री)-- मैं उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५२ ई० की प्रतिलिपि मेज़ पर रखता हूं।

(देखिये नत्थी 'क' आगे पृष्ठ ५४ पर)

मेसर्स मार्टिन बर्न लिमिटेड और मथुरा एलेक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, मथुरा में वैयक्तिक मज़दूरी के निर्धारण के सम्बन्ध में लेबर अपेलेट ट्रिब्यूनल आफ इंडिया द्वारा दिये गये पंच-निर्णय के विषय में एक नोट की प्रतिलिपि का मेज़ पर रखा जाना

माननीय डाक्टर सम्पूर्णानन्द (पुलिस मंत्री)—श्रीमान्, मैं मेसर्स मार्टिन बर्न लिमिटेड और मथुरा एलेक्ट्रिक सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, मथुरा में वैयक्तिक मज़दूरी के निर्धारण के सम्बन्ध में ७ मार्च, सन् १९५२ ई० को लेबर अपेलेट ट्रिब्यूनल आफ़ इंडिया द्वारा दिये गये पंच निर्णय के परिष्कृत करने के कारणों को व्यक्त करते हुए एक नोट की प्रतिलिपि मेज़ पर रखता हूं।

कार्य-सूची के कुछ कार्यों का स्थगन

माननीय अध्यक्ष--अब कार्य सूची के नम्बर ९, ११ और १२ की हिन्दी प्रतिलिपि मेरे पास नहीं पहुंची, इसलिये उन्हें आज पुरःस्थापित नहीं किया जा सकता। मैं १० नम्बर का कार्य लेता हूं।

उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और उपमंत्रियों (के वेतन तथा भत्तों) का विधेयक, १९५२ ई०

माननीय श्री गोविन्द वल्लभ पन्त (मुख्य मंत्री)— मैं उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और उप मंत्रियों (के वेतन तथा भत्तों) का विधेयक, १९५२ ई० पुरःस्थापित करता हूं।

(देखिये नत्थी 'ख' आगे पृष्ठ ५५ पर)

विधान सभा की प्रक्रिया नियमावली के नियम १८ के अनुसार मई के चतुर्थ शुक्रवार को असरकारी कार्य न करने के सम्बन्ध में विनिश्चय

माननीय श्री गोविन्द वल्लभ पन्त— अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की नियमावली के नियम १८ के उपबंधों के अनुसार २३ मई, सन् १९५२ ई० को जो कि महीने का चौथा शुक्रवार है, असरकारी कार्य होना चाहिये किन्तु सदन के सम्मुख उस दिन के लिये कोई भी असरकारी कार्य नहीं है, इसलिये सदन यह निश्चय करता है कि २३ मई, सन् १९५२ ई० को गवर्नर महोदय के भाषण में अभिदिष्ट विषयों पर विवाद जारी रहे।

हमारे नियमों के अनुसार शुक्रवार के दिन नान-आफिशियल विजनेस (असरकारी कार्य) ही साधारणतया होना चाहिये परन्तु जैसा कि अनिवार्य था, इस बैठक के लिये न तो कोई प्रस्ताव और न कोई सूचना हो सकती थी और न प्रबन्ध ही हो सकता था। इसलिये कोई इस तरह की कार्यवाही नहीं हो सकी और गवर्नर महोदय के भाषण में अभिदिष्ट विषयों पर वाद-विवाद होना है, इसलिये २३ तारीख को असरकारी कार्य के बदले गवर्नर महोदय के भाषण पर वाद-विवाद हो जाय, यह मेरा प्रस्ताव है।

माननीय अध्यक्ष—प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की नियमावली के नियम १८ के उपबंधों के अनुसार २३ मई सन् १९५२ ई० को, जो कि महीने का चौथा शुक्रवार है, असरकारी कार्य होना चाहिये, किन्तु सदन के सम्मुख उस दिन के लिये कोई भी असरकारी कार्य नहीं है, इसलिये सदन यह निश्चय करता है कि २३ मई, सन् १९५२ ई० को गवर्नर महोदय के भाषण में अभिदिष्ट विषयों पर विवाद जारी रहे।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

१९५२-५३ ई० के आय-व्ययक के सम्बन्ध में विधान सभा की प्रक्रिया नियमावली के नियम १५३ (१) की उपेक्षा करने के लिये संकल्प

माननीय डाक्टर सम्पूर्णानन्द—माननीय वित्त मंत्री की ओर से मैं यह संकल्प उपस्थित करता हूं कि मार्च, १९५२ ई० में उत्तर प्रदेश विधान मंडल द्वारा चार मास के लिये लेखानुदान (वोट आन एकाउन्ट) स्वीकृत किया गया था और १९५२-५३ के सामान्य वार्षिक बजट पर इस सदन द्वारा आगामी जुलाई में विचार-विमर्श किया जायगा तथा तब ही वह स्वीकृत भी होगा,

अतएव यह संकल्प किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की नियमावली प्रक्रिया के नियम १५३ की जहां तक उसके अनुसार १० मई तक अनुदानों पर मतदान हो जाना आवश्यक है, उक्त बजट के सम्बन्ध में उपेक्षा कर दी जाय और उसकी उपेक्षा की जाती है।

इसका अर्थ स्पष्ट ही है कि जो हमारा नियम है उसके अनुसार १० मई तक पूरे बजट पर विचार हो जाना चाहिये था लेकिन जैसा कि माननीय सदस्यों को विदित है कि १० मई तक इस साल यह चीज नामुमकिन थी क्योंकि सभी सदस्यों की नामावली

पूरी नहीं हो सकी थी, इसलिये यह निश्चय किया जाता है कि जहां तक इस साल का संबंध है यह नियम स्थगित किया जाय क्योंकि अब तो अगली जुलाई में ही हो सकेगा। मैं आशा करता हूं कि इसको सब लोग स्वीकार करेंगे।

माननीय अध्यक्ष---प्रस्ताव यह है कि मार्च १९५२ ई० में उत्तर प्रदेश विधान मंडल द्वारा चार मास के लिये लेखानुदान (वोट आन एकाउन्ट) स्वीकृत किया गया था और १९५२-५३ के सामान्य वार्षिक बजट पर इस सदन द्वारा आगामी जुलाई में विचार विमर्श किया जायगा तथा तब ही वह स्वीकृत भी होगा,

अतएव यह संकल्प किया जाता है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया नियमावली के नियम १५३ की जहां तक उसके अनुसार १० मई तक अनुदानों पर मतदान हो जाना आवश्यक है, उक्त बजट के संबंध में उपेक्षा कर दी जाय और उसकी उपेक्षा की जाती है।

(प्रस्ताव उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ।)

वर्तमान सप्ताह का कार्यक्रम

माननीय अध्यक्ष---अब साधारणतया जो कार्य हफ्ते में हुआ करते हैं सदन के नेता उनके विषय में चर्चा करते हैं। लेकिन इस हफ्ते में तो केवल एक ही काम होना है जो सर्वविदित है और उसके विषय में मैं यह निर्णय कर चुका हूं कि महामान्य राज्यपाल के ऐड्रेस के ऊपर दो दिन यानी कल और परसों, २२ और २३ तारीख को बहस होगी। शनिवार को छुट्टी रहती है इसलिये हफ्ते के पूरे दिन उसमें आ जाते हैं। इसलिये मैं इस सदन को यह सूचना देता हूं कि महामान्य राज्यपाल के ऐड्रेस के ऊपर इस सदन में दो दिन, २२ और २३, को बहस रहेगी।

माननीय श्री गोविन्द वल्लभ पन्त---वे बिल जो आपके पास न आने की वजह से नहीं पेश किये जा सके, कल पेश कर दिये जायं।

माननीय अध्यक्ष---अब इस सदन को मालूम हो कि वे बिल कल पेश होंगे।

(इसके अनन्तर सदन १२ बजकर २२ मिनट पर अगले दिन ११ बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

कैलासचन्द्र भटनागर,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ,
२१ मई, १९५२ ई०।

नत्थी 'क'

(देखिये पीछे पृष्ठ ५१ पर)

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५२ ई०

(उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या ५, १९५२ ई०)

[उत्तर प्रदेश के गवर्नर महोदय ने भारत संविधान के अनुच्छेद २१३ (१) के अन्तर्गत दिनांक २४ अप्रैल, १९५२ ई० को प्रचारित किया और दिनांक २५ अप्रैल, सन् १९५२ ई० के उत्तर प्रदेशीय सरकारी असाधारण गजट में प्रकाशित हुआ।]

यू० पी० ऐक्ट ४, १९५२ ई० ।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण अधिनियम, १९५२ ई० को संशोधित करने के निमित्त,

अध्यादेश

यू० पी० ऐक्ट ४, १९५२ ई० ।

गवर्नर को संतोष है कि ऐसी परिस्थिति वर्तमान है जिसके कारण उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण अधिनियम, १९५२ ई० को कुछ प्रयोजनों के निमित्त तुरन्त संशोधित करना आवश्यक है,

और उत्तर प्रदेश विधान मंडल की बैठक इस समय नहीं हो रही है;

अतएव अब भारत के संविधान के अनुच्छेद २१३ द्वारा प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके उत्तर प्रदेश के गवर्नर निम्नलिखित अध्यादेश प्रचारित करते हैं।

संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ ।

१—(१) इस अध्यादेश का नाम "उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५२ ई०" होगा।

(२) यह तुरन्त प्रचलित होगा।

उत्तर प्रदेश अधिनियम ४, १९५२ की धारा २ का संशोधन।

२—उत्तर प्रदेश राज्य विधान मंडल सदस्य अनर्हता-निवारण अधिनियम, १९५२ ई० की धारा २ के खंड (क) में शब्द "३०, अप्रैल, १९५२" के स्थान पर शब्द "३० जून, १९५२" रक्खे जायं।

नत्थी 'ख'

(देखिये पीछे पृष्ठ ५२ पर)

उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और उप-मंत्रियों (के वेतन तथा भत्तों) का विधेयक, १९५२ ई०

उत्तर प्रदेश के मंत्रियों तथा उप-मंत्रियों को दिये जाने वाले वेतन तथा भत्तों की व्यवस्था करने के लिए

विधेयक

उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और उप-मंत्रियों को दिये जाने वाले वेतन और भत्तों की व्यवस्था करना आवश्यक है :

अतएव निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :

१—(१) इस अधिनियम का नाम उत्तर प्रदेश के मंत्रियों और उप-मंत्रियों (के वेतन तथा भत्तों) का अधिनियम, १९५२ ई० होगा, — संक्षिप्त नाम ।

(२) यह तुरन्त प्रचलित होगा।

२—(क) उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मंत्री को बारह सौ रुपया मासिक शुद्ध (नेट) वेतन दिया जायगा जिसमें इंडियन इन्कम टैक्स ऐक्ट, १९२२ के अनुसार लिये जाने वाले आय कर सम्मिलित नहीं होंगे। — मंत्रियों और उप-मंत्रियों का वेतन ।

(ख) उत्तर प्रदेश के प्रत्येक उप-मंत्री को सात सौ पचास रुपया मासिक वेतन दिया जायगा।

३—(१) इसके अतिरिक्त प्रत्येक मंत्री लखनऊ में पूरे वर्ष के लिए तथा उत्तर प्रदेश के किसी ऐसे स्थान में तथा ऐसी अवधि के लिये, जिसे इस विषय में राज्य सरकार द्वारा बनाये जाने वाले नियमों द्वारा निर्धारित किया जाय, बिना किराये का सुसज्जित निवास-स्थान उससे संलग्न भूमि सहित पाने का अधिकारी होगा और उसका रख-रखाव सार्वजनिक व्यय से होगा। — बिना किराए का सुसज्जित निवास-स्थान ।

(२) प्रत्येक उप-मंत्री एक सौ रुपया प्रतिमास मकान के किराये का भत्ता पाने का अधिकारी होगा।

४—(१) इसके अतिरिक्त प्रत्येक मंत्री के उपयोग के लिए उपयुक्त परिवहन की व्यवस्था की जायगी जिसका क्रय तथा रख-रखाव राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में बनाये जाने वाले नियमों के अनुसार सार्वजनिक व्यय से किया जायगा। — मंत्रियों के लिये सरकारी परिवहन तथा यात्रिक भत्ता ।

(२) प्रत्येक उप-मंत्री को एक सौ पचास रुपया प्रतिमास परिवहन भत्ता (कन्वेयेन्स एलाउन्स) दिया जायगा।

(३) प्रत्येक मंत्री तथा उप-मंत्री को सार्वजनिक कार्य के लिए की गई यात्राओं के निमित्त ऐसी दरों पर और ऐसे प्रतिबन्धों के अधीन, जो राज्य सरकार द्वारा इस विषय में बनाए जाने वाले नियमों द्वारा नियत किये जायं, यात्रिक तथा दैनिक भत्ता पाने का अधिकार होगा ।

५—यू० पी० मिनिस्टर्स सैलरीज़ ऐक्ट, १९३७ एतद् द्वारा निरस्त होगा और निरस्त किया जाता है। — १९३७ के अधिनियम संख्या १ का निरसन ।

नियम ।

६—(१) इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिये राज्य सरकार नियम बना सकती है।

(२) उक्त अधिकारों की व्यापकता को बाधित न करते हुये धारा २ में उल्लिखित करों के राज्य सरकार द्वारा दिये जाने और उनके पुनर्भुगतान की व्यवस्था ऐसे नियमों में की जा सकती है।

उद्देश्य और कारण

भारत के संविधान के अनुच्छेद १६४ (५) में व्यवस्था की गई है कि मंत्रियों को ऐसे वेतन और भत्ते दिए जायंगे जिन्हें राज्य विधान मंडल समय-समय पर विधि द्वारा नियत करे। इस विधेयक में उप-मंत्रियों को दिये जाने वाले वेतन और भत्तों की भी व्यवस्था है। तदनुसार व्यवस्था की जा रही है।

गोविन्द वल्लभ पन्त,
मुख्य मंत्री ।

विधान मुद्रण

पी० एस० यू० पी०—ए० पी० १९ एल० ए०—१९५२.